गुणवत्ता में सुधार लाया जाता है। इनके द्वारा वर्ष 1993-94 के दौरान 7 मि.टन कोकिंग कोयले के आयात किए जाने का अनुमान लगाया गया है।

(ग) और (घ) 8वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वयन के लिए विनिर्दिष्ट कुछ महत्वपूर्ण नए/विस्तार कोकिंग कोयला परियोजनाएं निम्नलिखित हैं—पारेज ओपेनकास्ट (क्षमता 1.75 मि.टन), पारेज ईस्ट भूमिगत (क्षमता 0.30 मि.टन), झारखंड ओपेनकास्ट (क्षमता 1.00 मि.टन), टोपा (पुनर्गठन) ओपेनकास्ट (क्षमता 1.20 मि.टन) तथा कथारा (पुनर्गठन) ओपेनकास्ट (क्षमता 1 80 मि.टन.)। आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष (1996-97) में देशीय स्रोतों से कोकिंग कोयले के धातुकर्मी ग्रेड की उपलब्धता में वृद्धि होने के कारण कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा में कमी आ जाने की संभावना है।

कोकिंग कोयले के मूल्यों में वृद्धि

3826. **श्री गया सिंह** : क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लिमिटेड कोकिंग कोयले के मूल्य में 800 रुपये प्रतिटन की वृद्धि करने वाली है; और

(ख) इस्पात के उत्पादन और सामान्य व्यक्ति पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा तथा इस संबंध में पूरा ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) : (क) और (ख) केन्द्रीय सरकार ने हाल ही में दिनांक 17-2-1993 से, कोयले की औसत कीमतों में, जिसमें कोल इंडिया लि. के कोकिंग कोयला शामिल हैं, में 322 रु. प्रति टन की पूर्ववर्ती औसत कीमत की तुलना में 364 रु. प्रति टन तक की वृद्धि की है। इस्पात क्षेत्र पर कीमतों की वृद्धि का प्रभाव केवल इस्पात के मामले में लगभग 142 रु. टन होने का अनुमान लगाया गया है। इसी तरह विद्युत के मामले में यह प्रभाव केवल 2.9 पैसा/कि.वा. घटा तथा थोक बिक्री कीमत सूचकांक पर 0.32% वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। किन्तु साफ्ट कोक की कीमत, जिसे आम तौर पर घरेलू क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है, को कीमतों की वृद्धि की परिधि से बाहर रखा गया है।

कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष को प्राप्त हुए पत्र

3827. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोल इंडिया लिमिटेड, नेताजी सुभाष मार्ग, कलकत्ता के अध्यक्ष को अगस्त, 1990 माह के दौरान कोयला मजदूर कांग्रेस के महासचिव से कितने पत्र प्राप्त हुए;

(ख) इन पत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या इस संबंध में अध्यक्ष ने कोई जांच कराई है; यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले हैं ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) (क) अगस्त, 1990 के दौरान दिनांक 7 अगस्त, 1990 को अध्यक्ष, कोल इंडिया लि. को कोयला मजदूर कांग्रेस के महासचिव का एक पत्र प्राप्त हुआ था।

(ख) मजदूर संघ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा श्री जे. कुमार सिन्हा व अन्य बनाम अध्यक्ष, कोल इंडिया लि. एवं अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध दायर याचिका के मामले में दिए गए आदेश में तेजी से कार्यान्वयन कराने की प्रार्थना की गई थी।

(ग) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उच्च न्यायालय के उपरोक्त निर्णय पर कोल इंडिया लि. द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर स्थगन आदेश जारी कर दिया गया है। यह मामला अभी न्यायालय के विचाराधीन है।

उत्तर प्रदेश में कोयले के थोक-विक्रेता

3828. **श्रीमती सत्या बहिन** :

श्रीमती कौलाश पति :

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कोयले के कितने थोक विक्रेता हैं, उनके नाम क्या हैं तथा वे किन-किन क्षेत्रों में बिक्री कार्य कर रहे हैं;